**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2300**

**दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**स्वास्थ्य मेला**

**2300. श्री हरीभाई पटेलः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में बीमारियों एवं संक्रमणों के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों के सहयोग से स्वास्थ्य मेलों का आयोजन करती है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने इसी उद्देश्य से हाल में देश में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया है तथा ऐसे और मेलों का आयोजन करने जा रही है और यदि हों, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के तहत, राज्यों/संघ-राज्य क्षेत्रों को उनकी स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए सहायता दी जाती है, जिसमें कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) में उनके प्रस्ताव के आधार पर संसदीय क्षेत्रों में सामुदायिक भागीदारी और जन जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए स्वास्थ्य मेलों के आयोजन के लिए सहायता शामिल है। एनएचएम के तहत राज्यों/ संघ-राज्य क्षेत्रों को यथा-अनुमोदित स्वास्थ्य मेलों सहित अनुमोदित कार्यकलापों के लिए एकमुश्त राशि जारी की जाती है।

सितंबर 2023 से, राज्यों/ संघ-राज्य क्षेत्रों द्वारा 'आयुष्मान भव' अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में साप्ताहिक आयुष्मान मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इस संवेग को आगे बढ़ाने के लिए, वित्त वर्ष 2024-25 से, इन मेलों को मासिक निर्धारित दिवस की संपर्क सेवाओं, अर्थात आयुष्मान आरोग्य शिविर के ज़रिए संस्थागत रूप दिया गया है। सीएचसी/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्तर तक विशेषज्ञ सेवाओं, जैसे- स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सक, एनेस्थेटिस्ट, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक, दंत चिकित्सक आदि की उपलब्धता ने स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। आहार में विविधता और पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता जिसमें मासिक धर्म स्वच्छता भी शामिल है, इस प्रकार के आरोग्य कार्यकलापों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

राज्यों/ संघ-राज्य क्षेत्रों द्वारा एएएम पोर्टल पर दी गई जानकारी के अनुसार, 1 अप्रैल, 2024 से 30 नवंबर, 2025 तक एएएम में 28.69 लाख से ज़्यादा स्वास्थ्य मेलों को आयोजन किया गया , जिनमें कुल 15.71 करोड़ लोग शामिल हुए। एएएम में आयोजित स्वास्थ्य मेलों का राज्य/ संघ-राज्य क्षेत्र -वार विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान शिविर पोर्टल के अनुसार, 1 अप्रैल, 2024 से 30 नवंबर, 2025 तक 43,345 सीएचसी शिविर आयोजित किए गए, जिनमें कुल 1.78 करोड़ लोग शामिल हुए।

इस मंत्रालय ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ मिलकर 17 सितंबर, 2025 से 2 अक्टूबर, 2025 तक देशव्यापी अभियान "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" शुरू किया है, जिसमें  महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान दिया गया है। इसका उद्देश्य एनसीडी का शीघ्र पता करना, अनिवार्य स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना और परिवारों को एक सुदृढ़ और स्वस्थ भारत के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु सशक्त बनाना है। देश भर के सभी एएएम, सीएचसी और ज़िला अस्पतालों (डीएच) में मेडिकल कॉलेजों, केंद्र सरकार के संस्थानों और प्राइवेट संगठनों की सक्रिय भागीदारी से स्क्रीनिंग और विशेषज्ञ कैंप लगाए गए। इस अभियान के दौरान, 19 लाख से ज़्यादा स्वास्थ्य कैंप लगाए गए, जिसमें देश भर से लगभग 11 करोड़ नागरिकों ने भाग लिया।

**अनुलग्नक**

## एएएम में राज्य/ संघ-राज्य क्षेत्र-वार आयोजित स्वास्थ्य मेलों की संख्या

| **क्र.सं.** | **राज्य/ संघ-राज्य क्षेत्र का नाम** | **आयोजित और रिपोर्ट किए गए स्वास्थ्य मेलों की संख्या (30.11.2025 तक)** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 201 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 272829 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3799 |
| 4 | असम | 18954 |
| 5 | बिहार | 84094 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1529 |
| 7 | छत्तीसगढ | 334355 |
| 8 | दिल्ली | 7 |
| 9 | डीएनएच और डीडी | 2024 |
| 10 | गोवा | 2406 |
| 11 | गुजरात | 190816 |
| 12 | हरियाणा | 83153 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 17005 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 47411 |
| 15 | झारखंड | 27326 |
| 16 | कर्नाटक | 359731 |
| 17 | केरल | 95037 |
| 18 | लद्दाख | 5632 |
| 19 | लक्षद्वीप | 14 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 174221 |
| 21 | महाराष्ट्र | 173204 |
| 22 | मणिपुर | 2298 |
| 23 | मेघालय | 5030 |
| 24 | मिजोरम | 608 |
| 25 | नगालैंड | 2111 |
| 26 | ओडिशा | 87239 |
| 27 | पुदुचेरी | 2708 |
| 28 | पंजाब | 1659 |
| 29 | राजस्थान | 202924 |
| 30 | सिक्किम | 2183 |
| 31 | तमिलनाडु | 177523 |
| 32 | तेलंगाना | 100515 |
| 33 | त्रिपुरा | 13662 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 296915 |
| 35 | उत्तराखंड | 80007 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 38 |
| **कुल** | | **2869168** |

*****